हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 14 फरवरी 2026

तापमान

अधिकतम .30 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

4 कलेक्टर का अल्टीमेटम, जल जीवन मिशन के कार्य 30 अप्रैल तक करना होगा पूरा





## खबर संक्षेप

### बीट को किया जाएगा मजबूत, कोटवार देंगे साथ

**रायगढ़।** तमनार में थाना प्रभारी निरीक्षक कमला पुसाम ठाकुर द्वारा ग्राम कोटवारों की बैठक ली गई। इसमें पुलिस जन सहयोग को सुदृढ़ करने और ऑपरेशन आघात के तहत अवैध गतिविधियों पर कठोर कार्रवाई के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक में थाना प्रभारी ने बताया कि प्रत्येक ग्राम के लिए बीट प्रभारी नियुक्त हैं और ग्राम कोटवारों को उनके साथ नियमित संपर्क बनाए रखना होगा, ताकि गांव स्तर पर होने वाली प्रत्येक गतिविधि की सूचना समय पर पुलिस तक पहुंचे। उन्होंने स्पष्ट किया कि नवपदस्थ एसएसपी की मंशा के अनुरूप बीट प्रणाली को सक्रिय एवं जवाबदेह बनाया जाएगा, जिससे अपराध नियंत्रण के साथ घटना-दुघर्टना में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई संभव हो सके। थाना प्रभारी ने ऑपरेशन आघात के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि तमनार क्षेत्र में अवैध शराब, गांजा, जुआ-सट्टा तथा खुडखुडिया जैसी गैरकानूनी गतिविधियों को पूर्णतः प्रतिबंधित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कोटवारों को निर्देशित किया कि गांव में यदि कहीं भी इस प्रकार की गतिविधि संचालित होती दिखे तो तत्काल पुलिस को सूचित करें।

### खरसिया के स्टेशन चौक में भंडारे का आयोजन

**खरसिया।** महाशिवरात्रि के दिन स्काई टीएमटी द्वारा खरसिया के ह्रदय स्थल स्टेशन चौक में विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। महवाशिवरात्रि के पावन पर्व पर स्काई टीएमटी परिवार द्वारा धर्म नगरी खरसिया में भंडारे का आयोजन 15 फरवरी को किया जा रहा है। स्काई परिवार द्वारा इस अवसर पर प्रसाद एवं भोजन वितरित किया जाएगा। महाशिवरात्रि हिंदू धर्म का एक प्रमुख धार्मिक पर्व है, जिसमें भक्तगण भगवान शिव की विशेष पूजा.अर्चना करते हैं और उपवास रखते हैं। स्काई टीएमटी परिवार द्वारा आयोजित इस भंडारे में श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर इस पुण्य अवसर का लाभ लें तथा धार्मिक वातावरण को और अधिक भव्य बनाएं।

### सड़क दुर्घटना में स्कूली छात्र की मौत

**रायगढ़।** सड़क दुर्घटना में एक नाबालिक की मौत का मामला सामने आ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार चक्रधर नगर थाना अंतर्गत महापल्ली के आगे ग्राम कुकुर्दा नदी पुल के पास ऑटो के टक्कर से 16 वर्षीय साइकिल सवार नाबालिक की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि नाबालिक का मौके पर ही मौत हो गई, शव को पीएम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। यह भी जानकारी मिल रही है कि ऑटो चालक के आधार कार्ड के अनुसार संजय अग्रवाल का ऑटो बताया जा रहा है जो फरार हो गया है। पुलिस कार्रवाई में जुट गई है। मृतक का नाम अंकुश मेहर पिता सुदामा मेहर ग्राम कुकुर्दा बताया जा रहा है जो अघोर आश्रम बनोरा का छात्र है।

## शहरवासियों को बेहतर सुविधाएं और आय स्रोत बढ़ाने शहर को 4 जोन में बांटने का बना था प्रस्ताव

# एमआईसी के प्रस्ताव को नगरीय प्रशासन ने किया दरकिनार, एक साल में नहीं लगी मुहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहरवासियों को बेहतर सुविधाएं और निगम के आमदनी बढ़ाने के लिहाज से पारित किए गए प्रस्ताव पर नगरीय प्रशासन विभाग ने रोड़ा अटका दिया है। हालात यह है कि शहर को 4 जोन में बांटने के लिए एक साल पहले पारित प्रस्ताव पर अब तक मुहर नहीं लगी है। इसके कारण प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पा रही है। एमआईसी ने इस प्रस्ताव को वित्त मंत्री के निर्देश पर तैयार किया था और इसे पारित कर नगरीय प्रशासन विभाग को भेजा गया था। ऐसे में यह प्रस्ताव अब ठंडे बस्ते में जाने की बात कही जा रही है।

राजधानी रायपुर, बिलासपुर और भिलाई की तरह तेजी से बढ़ते रायगढ़ शहर को भी जोन में बांटने का प्रस्ताव बनाया गया था। पेयजल सप्लाई से लेकर सडक़ों व नालियों की सफाई, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन और नगर निगम के बाकी कार्यों की सही तरीके से मानिटरिंग करने के लिहाज से शहर के 48 वार्डों को 4 जोन में बांटने का प्रस्ताव बनाया गया था। इससे लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलेगी और सरकारी कार्यों की सही तरीके से मॉनिटरिंग हो पाएगी। महापौर जीवर्धन चौहान की एमआईसी ने बीते 28 मार्च 2025 को इस प्रस्ताव को पास किया था। इसमें शहर को कोतरा रोड, चक्रधर चौक, केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड चौक और कबीर चौक के नाम से 4 जोन में बांटने के लिए हरी झंडी दे दी थी। इसके लिए बकायदा सेटअप तैयार किया गया था। पूरी जानकारी तैयार कर नगरीय प्रशासन विभाग को भेजी गई थी, लेकिन करीब 11 महीने बाद भी इस प्रक्रिया को आगे नहीं बढ़ाया है। जिससे शहर को जरूरत के हिसाब से जोन में बांटने का हक नहीं मिल पा रहा है। जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय में बढ़ती आबादी और क्षेत्रफल को देखते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी के निर्देश पर निगम को 4 जोन में बांटने का प्रस्ताव बनाया गया था। बीते साल एमआईसी ने इसे हरी झंडी भी दे दी लेकिन नगरीय प्रशासन विभाग ने प्रक्रिया अटका रखी है।



**खास बात**

- नहीं बढ़ पा रही है प्रक्रिया आगे, कई बार लिखी जा चुकी है चिट्ठी

### एमआईसी ने तैयार किया था प्रस्ताव

शहर की बढ़ती आबादी और जरूरतों को ध्यान में रखते हुए एमआईसी ने जोन में बांटकर काम करने का प्रस्ताव बनाया था। इसके अनुसार कोतरा रोड जोन में वार्ड क्रमांक 1 से 4, 14से 16,18, 39, 40, 43, 44 और वार्ड 45 को शामिल किया गया है। इसी तरह केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड जोन में वार्ड क्रमांक 5 से 13, वार्ड 17, 19, 20 और वार्ड क्रमांक 26 को शामिल किया गया है। ऐसे ही चक्रधर नगर चौक जोन में वार्ड क्रमांक 21 से 28, वार्ड 47 व वार्ड 48 शामिल है। जबकि कबीर चौक जोन में वार्ड क्रमांक 29 से 38, वार्ड 41 और वार्ड क्रमांक 42 को शामिल किया गया है।

### नियम में भी हो रहा संशोधन

जानकारी मिली है कि अभी भी नगर निगम में चार जोन के हिसाब से ही टैक्स का निर्धारण किया जा रहा है। हालांकि जिस जोन में जितनी रेट है उसी रेट में पूरे जोन का टैक्स लिया जा रहा है। अब जमीनों की गाइड लाइन बढ़ी है तो इसके आधार पर प्रापर्टी टैक्स भी बढ़ने की बात कही जा रही हे। जो जानकारी मिली है उसके हिसाब से अब जोन में एक ही रेट के बजाए जहां जिस जगह जैसी रेट जमीन की होगी उसके आधार पर ही टैक्स का स्लेब तय होगा। इसके लिए नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा पहले के जारी नियमों में बदलाव करने की बात कही जा रही हे।

### हमालपारा में उठाईगीरी का खुलासा, दो चोर गिरफ्तार, नकदी बरामद

**रायगढ़।** खरसिया थाना क्षेत्र के हमालपारा में मोटरसाइकिल के हैंडल में रखे नगदी से भरे थैले की उठाईगिरी की घटना का चौकी पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस टीम ने ह्यूमन हिंट के आधार पर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की पूरी रकम एवं दस्तावेज बरामद किए हैं। प्रकरण में 11 जनवरी को विनोद अग्रवाल निवासी जवाहर कॉलोनी खरसिया ने पुलिस चौकी खरसिया में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह व्यवसायी है और 10 फरवरी की रात करीब साढ़े 9 बजे हमालपारा स्थित बुधराम उर्फ बुद्धू की दुकान के सामने मोटरसाइकिल खड़ी कर बैग व थैला हैंडल में टांगकर दुकान के अंदर गया था। लौटने पर बैग व थैला गायब मिले, जिनमें 8.9 हजार रुपये नगद, आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं अन्य दस्तावेज रखे थे। रिपोर्ट पर चौकी प्रभारी निरीक्षक अमित तिवारी द्वारा धारा 303, 2 के तहत मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई। घटनास्थल का निरीक्षण एवं पूछताछ के दौरान दो संदेहियों के संबंध में जानकारी मिली। पुलिस टीम ने छापेमारी कर राजू महंत 35 एवं अंकित वैष्णव 27 दोनों निवासी हमालपारा तालाब पार खरसिया को हिरासत में लिया।

# समरसुता नाला किनारे अवैध उत्खनन, 60 टन कोयला जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अवैध कोयला उत्खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए खनिज एवं वन विभाग की संयुक्त टीम ने समरसुता नाला के किनारे दबिश देकर 60 टन अवैध रूप से उत्खनित कोयला तथा और चैन माउंटेड मशीन जब्त की है। यह कार्रवाई पुलिस एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में की गई। वन मंडलाधिकारी धरमजयगढ़ ने बताया कि 2 फरवरी को अवैध कोयला उत्खनन की सूचना खनिज एवं वन विभाग को मिली थी। जानकारी के बाद संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए समरसुता नाला क्षेत्र में छापामार कार्रवाई की। मौके पर अवैध रूप से कोयला उत्खनन किया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान 01 नग चैन माउंटेड मशीन जब्त की गई। हालांकि मौके पर मौजूद आरोपी फरार हो गए, जिनकी तलाश एवं छानबीन जारी है। संयुक्त कार्रवाई में अवैध रूप से उत्खनन कर संचित लगभग 60 टन कोयला खनिज विभाग द्वारा जब्त किया गया, जबकि मशीन को वन विभाग द्वारा अपने कब्जे में लिया गया। जब्त कोयला एवं वाहन को विधिवत थाना प्रभारी के सुपुर्द किया गया है। वन विभाग द्वारा वन अपराध प्रकरण दर्ज कर जब्त वाहन के विरुद्ध राजसात की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, धरमजयगढ़ को प्रारंभिक सूचना प्रेषित की गई है। प्रकरण में अग्रिम जांच एवं विधिक कार्रवाई जारी है।

**सालों से यहां हो रहा अवैध खनन**



### फरार हो गए अवैध खनन करने वाले

वन मंडलाधिकारी धरमजयगढ़ जितेंद्र उपाध्याय ने बताया कि समरसुता नाला क्षेत्र में अवैध कोयला उत्खनन की सूचना पर खनिज विभाग एवं पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई की गई। मौके से लगभग 60 टन कोयला एवं एक चैन माउंटेड मशीन जब्त की गई है। वन अपराध दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है तथा फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

# अचानक स्कूल पहुंच गए कलेक्टर, दो शिक्षक थे गायब, एमडीएम में मेन्यू भी दरकिनार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

वनांचल के स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था बदहाल हो चुका है। यहां शिक्षकों की मनमानी चल रही है। कभी कोई आता है कोई रहता है गायब। यह हम नहीं बल्कि अचानक पहुंचे कलेक्टर की जांच में खुलासा हुआ है। जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र घरघोड़ा ब्लॉक के महलोई स्थित प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में पदस्थ शिक्षक गायब रहे। इसे लेकर कलेक्टर ने जहां नाराजगी जताई वहीं नदारद रहे दोनों शिक्षकों से नोटिस जारी कर जवाब मांगा जाएगा।

कलेक्टर ने दोनों स्कूलों के उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया। यहां दो शिक्षकों द्वारा लगातार सीएल आकस्मिक अवकाश एवं निर्वाचन कार्यों का हवाला देते हुए अनुपस्थिति दर्ज की गई है। कलेक्टर ने अनुपस्थिति की तिथियों तथा निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण ड्यूटी की वस्तुस्थिति की जांच कर विस्तृत प्रतिवेदन देने तहसीलदार को निर्देशित किया है। साथ ही अनुपस्थित शिक्षकों से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान शिक्षकों के अवकाश एवं शैक्षणिक गतिविधियों के संबंध में जानकारी मांगे जाने पर प्रधानपाठक दुल्ली चंदन पटेल स्पष्ट जानकारी नहीं दे सके। विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन में उदासीनता एवं शिक्षकों पर प्रभावी नियंत्रण नहीं पाए जाने पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की।



### प्रधानपाठक के खिलाफ भी होगी कार्रवाई

उन्होंने शिक्षा विभाग को प्रधानपाठक के विरुद्ध सीधे पत्र जारी कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बीईओ द्वारा नियमित अंतराल में स्कूलों का निरीक्षण नहीं करने पर उनके कार्यों के प्रति भी असंतोष व्यक्त की। बीईओ के खिलाफ भी कार्रवाई हो सकती है।

### टमाटर की चटनी से चल रहा काम

कलेक्टर ने स्कूल में में संचालित मध्यान्ह भोजन की भी जांच की। बच्चों के लिए तैयार दाल, चावल एवं सब्जी की गुणवत्ता का परीक्षण किया गया। जांच में पाया गया कि निर्धारित मेन्यू के अनुरूप भोजन तैयार नहीं किया गया था। हरी सब्जी के स्थान पर टमाटर की चटनी परोसी गई थी। इस पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी जताते हुए महालक्ष्मी स्व सहायता समूह के खिलाफ कार्रवाई करने तथा मध्यान्ह भोजन संचालन का दायित्व किसी अन्य सक्षम समूह को सौंपने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने भी मध्यान्ह भोजन में निर्धारित मेन्यू का पालन नहीं करने की शिकायत की। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि बच्चों की शिक्षा और पोषण से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# शराब पीने के लिए नहीं मिला गिलास, पति-पत्नी से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रेलवे स्टेशन के बाहर महिला एवं उसके पति से मारपीट के मामले में कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करने के साथ-साथ पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की जा रही है।

बीती रात से रेलवे स्टेशन के सामने महिला से मारपीट की घटना सामने आई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए अधिकारियों ने तत्काल थाना कोतवाली पुलिस को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। थाना प्रभारी कोतवाली सुखनंदन पटेल अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और पीड़िता की तलाश प्रारंभ की। काफी खोजबीन के बाद महिला पूजा यादव 25 एवं उसके पति पवन यादव से संपर्क स्थापित कर घटना के संबंध में पूछताछ की गई। चार लोगों द्वारा विवाद कर मारपीट करना बताया गया। पीड़ित पवन यादव ने थाना कोतवाली में लिखित आवेदन देकर बताया कि वह ग्राम रायपुरा चंगोराभांठा थाना डीडीनगर रायपुर का निवासी है और पिछले शनिवार को अपनी पत्नी एवं दो बच्चों के साथ फुग्गा बेचने रायगढ़ आया था। 12 फरवरी की रात करीब 7 बजे रेलवे स्टेशन के बाहर मोटर पार्किंग के सामने पत्नी के साथ भोजन बना रहे थे, तभी कुछ व्यक्ति गिलास मांगने लगे। गिलास देने से मना करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उसकी पत्नी के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की। बीच-बचाव करने पर पवन यादव को भी पीटा गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में धारा 296, 351,(3) 115,(2) 3, 5 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। थाना प्रभारी सुखनंदन पटेल के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा आरोपियों की धरपकड़ के लिए छापेमारी की गई। पुलिस ने मामले में शामिल चार आरोपी शशि कुमार पासवान 25, राकेश कुमार पासवान 24, रोशन भारती उर्फ पप्पू 29 एवं पप्पू पासवान 50 सभी जिला बेगूसराय बिहार निवासी एवं वर्तमान में रेलवे कॉलोनी रायगढ़ को हिरासत में लिया। पीड़िता एवं उसके पति ने आरोपियों की पहचान मारपीट में शामिल व्यक्तियों के रूप में की।



# कुंजारा में खुलेगा एएनएम नर्सिंग कॉलेज वनांचल की बेटियों को मिलेगी नई उड़ान

**रायगढ़।** जिले के आदिवासी बाहुल्य एवं सुदूर वनांचल क्षेत्र लैलूंगा विकासखंड के ग्राम कुंजारा में शीघ्र ही एएनएम नर्सिंग महाविद्यालय की स्थापना होने जा रही है। यह पहल न केवल क्षेत्र में उच्च एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा के नए द्वार खोलेगी, बल्कि वर्षों से मुख्यधारा से वंचित आदिवासी, अनुसूचित जाति तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की बेटियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन की सशक्त नींव भी रखेगी।

- आदिवासी अंचल में होगी व्यावसायिक शिक्षा की ऐतिहासिक शुरुआत

रायगढ़ जिले के लैलूंगा एवं धरमजयगढ़ जैसे दुर्गम वनांचल क्षेत्रों में निवासरत प्रतिभाशाली बेटियां अब संसाधनों और अवसरों के अभाव में अपने सपनों से समझौता करने को विवश नहीं होंगी। नर्सिंग महाविद्यालय की स्थापना से उन्हें अपने ही क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगाए जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे आत्मनिर्भर बन सकेंगी। वनांचल क्षेत्र की यह लंबे समय से बहुप्रतीक्षित मांग रही है। जब-जब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय इस वनांचल अंचल के प्रवास पर आए, तब-तब यहां की स्थानीय बेटियों एवं अभिभावकों ने एएनएम महाविद्यालय की स्थापना की मांग को प्रमुखता से रखा। मुख्यमंत्री ने जनभावनाओं को गंभीरता से लेते हुए वनांचल क्षेत्र में एएनएम महाविद्यालय की स्थापना के लिए जिला प्रशासन को आवश्यक निर्देश प्रदान किए थे। उन्हीं निर्देशों के अनुरूप अब इस दिशा में ठोस पहल करते हुए महाविद्यालय की स्थापना की कार्यवाही प्रारंभ की जा रही है। मुख्यमंत्री की मंशानुरूप प्रशासन द्वारा यह अभिनव पहल उत्खनन प्रभावित क्षेत्र में रोजगारपरक एवं व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की जा रही है। राज्य शासन के रोजगार उन्मुख अभियान के अंतर्गत प्रस्तावित इस एएनएम नर्सिंग महाविद्यालय का संचालन देश की प्रतिष्ठित संस्था पैनआईआईटी एलुमनी फाउंडेशन द्वारा किया जाएगा, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता और विश्वसनीयता सुनिश्चित होगी।

### 120 सीटों सें होंगी चालू

महाविद्यालय की शुरुआत प्रथम वर्ष में 120 सीटों के साथ की जाएगी। शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने से पूर्व उपलब्ध शासकीय भवन का महाविद्यालयीन मानकों के अनुरूप जीर्णोद्धार एवं आवश्यक संधारण कार्य जिला खनिज न्यास निधि डीएमएफ से कराया जाएगा। इससे अल्प समय में ही संचालन के लिए आवश्यक अधोसंरचना तैयार हो सकेगी। पैनआईआईटी एलुमनी फाउंडेशन द्वारा संचालित इस नर्सिंग महाविद्यालय में उच्च गुणवत्ता की शिक्षण सामग्री, आधुनिक प्रयोगशालाएं, समृद्ध पुस्तकालय एवं अन्य आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। छात्राओं को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप व्यावहारिक एवं तकनीकी प्रशिक्षण पर विशेष बल दिया जाएगाए ताकि वे राष्ट्रीय स्तर के चिकित्सा संस्थानों में कार्य करने के लिए पूर्णतः सक्षम बन सकें।

## कलेक्टर पहुंचे जायजा लेने, उच्च गुणवत्ता के साथ काम पूरा करने का निर्देश

# पंचतत्वों की अवधारणा पर किया जा रहा उद्यान विकसित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टोरेट के सामने प्रेम नगर उद्यान को पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि और आकाश की अवधारणा पर विकसित किया जा रहा है। यहां विशेष एक्यूप्रेशर पथ का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें नदी के कंकड़, खुरदरी रेत, पेड़ की छाल, काली मिट्टी और जल का उपयोग किया जाएगा। यह पथ स्वास्थ्य संवर्धन और रक्त संचार में सुधार के उद्देश्य से तैयार किया जा रहा है। कलेक्टर ने शुक्रवार को पंचतत्व उद्यान का निरीक्षण किया।

नगर निगम क्षेत्र में संचालित विभिन्न निर्माण एवं अधोसंरचना विकास कार्यों का आज कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने स्थल पर पहुंचकर सघन निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को सभी कार्य निर्धारित समय.सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने कहा कि जिले में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा तथा नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

इसके बाद कलेक्टर ने चक्रपथ स्थित तालतयो निधि उद्यान का निरीक्षण किया। उद्यान का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। उन्होंने उद्यान परिसर एवं आसपास के क्षेत्र को भी सुव्यवस्थित एवं आकर्षक बनाने के निर्देश दिए। साथ ही चक्रपथ किनारे संचालित दुकानों को व्यवस्थित एवं सुंदर स्वरूप प्रदान करने पर जोर दिया।



### 50 गुणा 25 मीटर का बनेगा स्विमिंग पूल

स्टेडियम में राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप निर्माणाधीन 50 गुणा 25 मीटर के स्विमिंग पूल का निर्माण हो रहा है। कलेक्टर ने इसका भी निरीक्षण किया। उन्होंने 400 मीटर के सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक के निर्माण कार्य का अवलोकन किया और कहा कि ट्रैक का निर्माण दीर्घकालिक उपयोग और उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप हो। निरीक्षण के क्रम में कलेक्टर ने केवड़ाबाड़ी चौक से ढ़मिरापुर चौक के मध्य निर्माणाधीन नाला कार्य का अवलोकन किया तथा लागत और प्रगति की जानकारी ली। सतीगुड़ी चौक स्थित भरतकूप के जीर्णोद्धार कार्य की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने कुएं के चारों ओर सुरक्षा जाली लगाने और स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### मैनपाट महोत्सव के दौरान बंद रहेंगी शराब दुकानें

**अंबिकापुर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अजीत वसंत द्वारा छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उप-धारा (1) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आयोजित मैनपाट महोत्सव 13, 14 एवं 15 फरवरी को कानून व्यवस्था एवं लोक शांति को दृष्टिगत रखते हुए रोपाखार मैनपाट में संचालित एफ एल-1 घघ-कम्पोजिट (कम्पोजिट विदेशी मदिरा दुकान रोपाखार) विदेशी मदिरा दुकान को पूर्णतः बंद रखने हेतु उपरोक्तानुसार दिवसों को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। घोषित शुष्क दिवस में मदिरा का विक्रय एवं परिवहन परोसना पूर्णतः बंद रहेगा। उन्होंने इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किए जाने कहा है।

### महिला सैन्य पुलिस भर्ती रैली 23 को

**बलरामपुर।** जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि सेना भर्ती कार्यालय जबलपुर और रायपुर के तत्वाधान में महिला सैन्य पुलिस के पद के लिए भर्ती रैली का आयोजन 23 फरवरी को पुलिस ग्राउंड झिंझरी कटनी (मध्यप्रदेश) में किया जाएगा। भारतीय सेना द्वारा 30 जून से 10 जुलाई तक ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया था। इस भर्ती रैली में बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के वे महिला उम्मीदवार हिस्सा लेंगी, जिन्होंने पूर्व में आयोजित ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) उत्तीर्ण कर ली है। शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं दस्तावेज सत्यापन में सफल महिला उम्मीदवारों की चिकित्सा जांच 24 फरवरी को सेना अस्पताल, जबलपुर में की जाएगी। भर्ती रैली में शामिल होने वाली योग्य महिला उम्मीदवारों के प्रवेश पत्र उपलब्ध करा दिए गए हैं, साथ ही उम्मीदवारों के ई-मेल पर भी भेजे गए हैं। सेना भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने के लिए उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड, रैली अधिसूचना के अनुसार सभी आवश्यक दस्तावेज, तथा आधार कार्ड से लिंक मोबाईल फोन साथ लाना अनिवार्य होगा।

### अब प्रत्येक सोमवार को होगी टीएल की साप्ताहिक बैठक

**बलरामपुर।** सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार जिले में प्रशासनिक कार्यप्रणाली को अधिक सुव्यवस्थित एवं प्रभावी बनाने तथा जनहित को सर्वोपरि रखते हुए साप्ताहिक समय-सीमा बैठक के आयोजन में परिवर्तन किया गया है। जारी निर्देशानुसार अब संयुक्त जिला कार्यालय भवन, बलरामपुर के सभाकक्ष में आयोजित होने वाली समय-सीमा की बैठक प्रत्येक मंगलवार के स्थान पर प्रत्येक सोमवार को प्रातः 10 बजे आयोजित की जाएगी। इस संबंध में कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने सभी विभाग प्रमुखों एवं जिला अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने विभाग की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट एवं आवश्यक जानकारी के साथ अनिवार्य रूप से बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। समय-सीमा बैठक के पश्चात कलेक्टर जनदर्शन का आयोजन किया जाएगा, जिसके माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं और शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। जनदर्शन कार्यक्रम में भी सभी जिला अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी, ताकि प्राप्त आवेदनों का मौके पर ही आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

### जवाहर नवोदय विद्यालय हुआ फुटबॉल फॉर स्कूल्स कार्यक्रम

**सूरजपुर।** जलि में फुटबॉल फॉर स्कूल्स कार्यक्रम का भव्य आयोजन पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय बसदेई, में किया गया। कार्यक्रम में जलि के कुल 539 विद्यालयों तथा 75 हजार से अधिक विद्यार्थियों को लाभान्वित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।
कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, शिवप्रसादनगर एवं पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, सूरजपुर के मध्य आयोजित मैत्री फुटबॉल मैच रहा। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन एवं खेल भावना का परिचय दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। उन्होंने बताया कि फुटबॉल फॉर स्कूल्स जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना एवं नेतृत्व क्षमता के विकास में सहायक सिद्ध होते हैं। इतने बड़े स्तर पर 539 विद्यालयों और 75 हजार से अधिक विद्यार्थियों तक इसका लाभ पहुंचना जिले के लिए गर्व का विषय है। कार्यक्रम में 30 से अधिक विद्यालयों के शिक्षक एवं विद्यार्थी शामिल हुए। सभी अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए विद्यालय स्तर पर खेल गतिविधियों को नियमित रूप से बढ़ावा देने पर बल दिया। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ, जिसमें विद्यार्थियों में खेल के प्रति नई ऊर्जा, प्रेरणा और सकारात्मक उत्साह स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों में एसके शुक्ला, एडीएसओ अजीत प्रताप सिंह, प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय जेडएच सिद्दीकी, शिक्षक उपस्थित रहे।

---

### बुधवार शाम लापता हुई बच्ची का पुरइन पोखर से मिला शव

# 13 साल की बच्ची की मौत से भुरसा कोना में पसरा मातम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सन्ना थाना क्षेत्र के भुरसा कोना गांव में मासूम की मौत ने पूरे इलाके को झकझोर दिया है। बुधवार की शाम बाजार से लौटते वक्त लापता हुई लगभग 13 वर्षीय बच्ची का शव गुरुवार को पूरइन पोखर तालाब से बरामद कर लिया गया। घटना के बाद से गांव में शोक की लहर है, वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

परिजनों के मुताबिक बच्ची बुधवार को अपने चाचा के साथ साप्ताहिक बाजार गई थी। शाम करीब 6 बजे घर लौटते समय वह अपनी छोटी बहन के साथ पीछे रह गई। काफी देर तक घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की।



#### तालाब किनारे मिला था सामान

तलाश के दौरान पूरइन पोखर के पास बच्ची द्वारा खरीदा गया सामान पानी में तैरता मिला। इसके बाद ग्रामीणों ने रात तक खोजबीन की, लेकिन अंधेरा बढ़ने की वजह से सफलता नहीं मिल सकी। परिजनों को तभी से आशंका थी कि बच्ची तालाब में डूब गई है।

#### गांव में पसरा सन्नाटा

घटना के बाद से पूरे गांव में मातम का माहौल है। लोग बड़ी संख्या में परिजनों के घर पहुंचकर ढांढस बंधा रहे हैं। एक ही सवाल हर किसी के मन में है कि आखिर इतनी बड़ी अनहोनी कैसे हो गई।

#### सुबह शुरू हुआ सर्च

गुरुवार सुबह पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और गोताखोरों को बुलाया गया। सघन तलाश अभियान के बाद तालाब के भीतर से बच्ची का शव बरामद किया गया। शव मिलते ही मौके पर मौजूद परिजन बिलख पड़े।

#### फिसलकर गहरे पानी में जाने की आशंका

ग्रामीणों का कहना है कि संभवतः बच्ची पैर धोने या पानी के पास गई होगी और फिसलकर गहरे हिस्से में चली गई। तालाब के किनारे कई जगह ढलान और दलदल जैसी स्थिति बताई जा रही है। मृतिका लेदरापाठ की निवासी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

---

# संरक्षित वन्य प्राणी पैंगोलिन के शल्क की तस्करी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

वनमण्डल जशपुर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा गुमला वनप्रमंडल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए पैंगोलिन के शल्क (छाल) की अवैध खरीदी-बिक्री में संलिप्त एक आरोपी को 11 फरवरी को गिरफ्तार किया गया। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, प्राप्त गोपनीय सूचना के आधार पर संयुक्त टीम द्वारा योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान आरोपी ग्राम रनपुर, थाना नारायणपुर, जशपुर निवासी को पैंगोलिन शल्क की अवैध खरीद-फरोख्त करते हुए पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से पैंगोलिन के शल्क बरामद किए गए।



**पैंगोलिन दुर्लभ एवं संरक्षित वन्य प्राणी:** पैंगोलिन एक दुर्लभ एवं संरक्षित वन्यजीव है, जिसे वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की अनुसूची-1 में शामिल किया गया है। इस श्रेणी में शामिल वन्यजीवों के शिकार, व्यापार या अवैध परिवहन पर कठोर दंड का प्रावधान हैं। आरोपी के विरुद्ध अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत वन अपराध प्रकरण दर्ज कर विधिवत गिरफ्तारी की गई है तथा न्यायालय में प्रस्तुत करने की कार्यवाही की जा रही है। प्रकरण की विस्तृत जांच जारी है तथा इस अवैध नेटवर्क से जुड़े अन्य व्यक्तियों की भी तलाश की जा रही है।

**वन्य जीवों का संरक्षण सामूहिक जिम्मेदारी:** वन विभाग द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वन्यजीवों के संरक्षण में सहयोग प्रदान करें तथा किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी वन कार्यालय को दें। वन्यजीवों का संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

---

## किलकिला जाने वाली सड़क पर तेजी से हो रहा काम

**पत्थलगांव।** पत्थलगांव से किलकिला प्रधानमंत्री ग्राम सड़क को महाशिवरात्रि पर्व के पूर्व आवागमन को सुचारू रूप से चलने लायक बनाने तेज गति से कार्य किया जा रहा है।

किलकिलेश्वर धाम जाने वाली सड़क को शिवरात्रि से पहले दुरुस्त किया जाएगा, ताकि वहां लगने वाले मेला में आने जाने वाले श्रद्धालुओं को आवगमन कोई असुविधा न हो। सड़क को नया बनाने की प्रकिया शुरू की जा चुकी है। जिसका भूमिपूजन विधायक गोमती साय के द्वारा किया गया था। महाशिवरात्रि से किलकिला में मेला में लगातार श्रद्धालुओं की संख्या में इजाफा होगा। उन्ही बातों को ध्यान में रखते हुए जहां ज्यादा सड़क खराब है। उसे पहले उखाड़ कर प्लेन कर पानी का छिड़काव किया जा रहा है जो मेला लगने तक जारी रहेगा जिससे कम से



कम धूल उड़े। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क के कार्यपालन अभियंता सन्तोष नाग ने बताया कि विधायक गोमती साय के प्रयास से किलकिला सड़क निर्माण के सभी प्रकिया पूरी की जा चुकी है। 15 तारीख से महाशिवरात्रि महापर्व है और काफी संख्या में श्रद्धालु किलकिला मन्दिर जाकर पूजा पाठ करते हैं उन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए सड़क को जितना आने जाने लायक बनाया जा सकता है उसे पूरा कर रहे हैं। उखाड़ी गई सड़क में पानी का छिड़काव किया जा रहा है। जो मेला लगने तक जारी रहेगा। ठेकेदार को निर्देशित किया गया है कि शिवरात्रि पर्व तक जितना ज्यादा प्लेन सड़क कर सके वो करे जिससे श्रद्धालुओं को कम से कम असुविधा हो।

---

## एसएम ज्ञानोदय स्कूल के वार्षिकोत्सव में शामिल हुईं कौशल्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

पाकरगांव स्थित एसएम ज्ञानोदय हायर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक उत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस आयोजन में सीएम की पत्नी कौशल्या साय मौजूद रहीं।

विद्यालय के डायरेक्टर कन्हैया यादव ने स्वागत भाषण में मुख्य अतिथि का अभिनंदन करते हुए विद्यालय की प्रगति, उपलब्धियों एवं भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यालय परिवार की ओर से आभार व्यक्त करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सहयोग की अपेक्षा भी व्यक्त की। इसके पश्चात विद्यालय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसमें शैक्षणिक उपलब्धियों, बोर्ड परीक्षा परिणाम, नवोदय एवं एकलव्य विद्यालयों में चयनित विद्यार्थियों तथा विभिन्न सांस्कृतिक



गतिविधियों में प्राप्त सफलताओं की विस्तृत जानकारी दी गई। बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। छात्र-छात्राओं ने मनमोहक नृत्य, देशभक्ति गीत, प्रेरणादायक भाषण एवं नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से बच्चों का उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथि श्रीमती साय ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को परिश्रम, अनुशासन एवं संस्कारों के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी तथा विद्यालय परिवार की सराहना की। कार्यक्रम का समापन आभार प्रदर्शन के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन चन्दमणि यादव ने किया। सरपंच संघ के अध्यक्ष रोशन सिंह पैंकरा ने बच्चों को इनाम देकर उनका उत्साह बढ़ाया।

---

### सत्तारूढ़ पार्टी द्वारा फार्म 7 के दुरुपयोग से मतदाताओं के नाम विलोपित करवाने की आशंका : कांग्रेस का आरोप




**रायगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी रायगढ़ के अध्यक्ष शाखा यादव ने एसआईआर प्रक्रिया के तहत आज कांग्रेस भवन में हुई महत्वपूर्ण बैठक में बीएलओ, पार्षदों ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों एवं मंडल अध्यक्षों सहित अन्य प्रकोष्ठों के अध्यक्षों को जानकारी देते हुए बताया कि चूंकि एसआईआर प्रक्रिया की सुनवाई और सत्यापन का कार्य 14 फरवरी 2026 तक निर्धारित है। वहीं प्राप्त हुई जानकारी के तहत इस दौरान सत्तारूढ़ पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा फार्म 07 जिससे मतदाताओं का नाम विलोपित किया जाता है। बीएलओ को दबाव देकर बहुत से वार्डों में उक्त फार्म के दुरुपयोग कर नाम कटवाए जाने की जानकारी लगातार प्राप्त होने से लोकतांत्रिक व्यवस्था व आम मतदाताओं के अधिकार के साथ सीधा प्रहार हो रहा है। शाखा यादव ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज इस संबंध में निर्देशित किया है कि मतदाता विलोपन के फार्म 07 की जानकारी पीडीएफ फॉर्मेट मे जिला निर्वाचन अधिकारी हमें अंतिम प्रकाशन से पूर्व अनिवार्य रूप से प्रदान करे ताकि हम सत्यता की जांच कर सकें। यदि कोई व्यक्ति किसी दुर्भावना से ग्रस्त होकर जानबूझकर किसी मतदाता का नाम इस फार्म के माध्यम से विलोपित करवाता है तो आपत्तिकर्ता के विरुद्ध एफ आई आर कराई जाएगी। शाखा यादव ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा लॉजिकल एरर को आधार मानकर दिए गए नोटिस को लेकर निर्वाचन आयोग को भी निर्देश दिए गए है, उन्हें रद्द कराने हेतु बीएलओ और ईआरओ के समक्ष कांग्रेस पार्टी बूथ से लेकर सभी स्तरों तक प्रतिवेदन प्रस्तुत करे। भाजपा द्वारा सामूहिक रूप से फर्जी तरीके से मतदाताओं द्वारा फार्म 07 भरवाकर उनका नाम विलोपित करवाया जा रहा है। बैठक में निर्णय लिया गया कि कल 14 फरवरी कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी को कांग्रेस पार्टी द्वारा ज्ञापन प्रेषित कर उनसे अपनी शिकायत प्रस्तुत करेगा साथ ही साथ 2003 की उपनाम रहित मतदाता सूची होने के कारण वर्तमान की उपनाम.युक्त मतदाता सूची में मिसमैच एरर प्राप्त हो रहे है।

---

## पार्षद नारंगे के निर्देश पर चलाया गया स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

नगर क्षेत्र में स्वच्छता को बढ़ावा देने हेतु पार्षद कविता धर्मपाल नारंगे के निर्देश पर वार्ड क्रमांक 15 भाथुडांड में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत वार्ड के विभिन्न स्थानों पर साफ-सफाई कर कचरे का उचित निपटान किया गया।

इस दौरान मुख्य मार्ग, नालियों, सार्वजनिक स्थलों के साथ-साथ तालाब के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाया गया। तालाब परिसर में फैले कचरे को हटाया गया तथा जल स्रोत को स्वच्छ बनाए रखने के लिए नागरिकों को जागरूक किया गया। साथ ही गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग रखने और प्लास्टिक का उपयोग कम करने की अपील की गई। श्रीमती नारंगे ने कहा कि तालाब हमारे क्षेत्र की धरोहर हैं, इसलिए उनकी स्वच्छता और संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है। स्वच्छ वातावरण से ही स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने वार्डवासियों से आग्रह किया कि कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें और जल स्रोतों को प्रदूषित न करें। स्थानीय नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक अभियान में भाग लेते हुए क्षेत्र को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाए रखने का संकल्प लिया। आयोजकों ने बताया कि भविष्य में भी नियमित रूप से ऐसे अभियान चलाए जाएंगे। इस मोके पर केडी कुर्रे, भोगी लाल डहेरिया, धर्मपाल नारंगे, मनोज नारंगे, बसंत बौद्ध, अक्षय नारंगे, श्रवण दहेरिया, सुनील नारंगे, रतन सिदार, रोहित, दीपेश नारंगे, रिया, रितेश एवं मनोज नारंगे सहित अन्य उपस्थित रहे।

---

### 50 टीबी मरीजों को किया गया फूड बास्केट का वितरण

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत विकासखंड खरसिया में उपचाररत 50 टीबी मरीजों को पोषण आहार हेतु फूड बास्केट का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन सुश्री रंजना पैकरा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शारदा एनर्जी एंड मिनरल्स लिमिटेड नहरपालीए रायगढ़ द्वारा 50 टीबी मरीजों को गोद लेकर उन्हें फूड बास्केट प्रदान की गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य टीबी मरीजों को नियमित दवा सेवन के साथ अतिरिक्त पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना है, जिससे उनका स्वास्थ्य तेजी से सुधर सके।

---

## नशे के विरूद्ध सख्त अंजुमन इस्मालियां ने किया ऐलान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

युवाओं में बढ़ते नशा की आदत और उससे प्रभावित होती जिंदगी और बिगड़ते पारिवारिक हालात को देखकर चिंतित होते हुए अंजुमन इस्लामिया ने सख्त निर्णय लिया है। जुम्मे की नमाज से पहले लोगों को संबोधित करते हुए सदर महबूब अंसारी ने कहा कि जिन घरों में नशा करने और नशा से संबंधित मादक पदार्थ का व्यापार किया रहा है ऐसे परिवार का अब सामाजिक बहिष्कार किया जाएगा।



- जिन घरों का नशा से संबंध उनका होगा सामजिक बहिष्कार
- बच्चों को सही राह दिखाना समाज से अधिक परिजन की जिम्मेदारी : अंसारी

उन्होंने आगे कहा कि बच्चों को ध्यान देने की जिम्मेदारी जितना समाज के ऊपर डाला जाता है उससे कहीं अधिक जिम्मेदारी परिवार की और परिजनों की होती है क्योंकि परिवार के बीच जितने समय तक बच्चा रहता है उतने देर तक वह समाज के बीच नहीं रहता इसलिए अधिक जिम्मेदारी परिजनों की और परिवार की होती है इसलिए बच्चों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। अंजुमन इस्लामिया के सदर महबूब अंसारी ने युवाओं पर जोर देते हुए कहां की युवा देर रात तक घर से बाहर रहते हैं और विभिन्न गैर कानूनी कार्यों में लिप्त रहते हैं इसकी जानकारी उनके परिवार वालों को होती है फिर भी वे उनसे सवाल नहीं करते। नशा का कारोबार कर अधिक पैसा कमाना और उसे खुलेआम खर्च करते हुए परिवार उसे देखते हैं लेकिन आय के श्रोत की जानकारी होने के बाद भी कुछ नहीं कहते। इसलिए ऐसे परिवार भी दोषी हैं। इसलिए जशपुर अंजुमन इस्लामियां अब ऐसे परिवारों का सामाजिक बहिष्कार करने का निर्णय लेती है।

#### कानून के दायरे में करें कार्य

महबूब अंसारी ने कहा है कि जशपुर अंजुमन इस्लामियां सभी गैर कानूनी कार्यों का विरोध करता है और समाज के लोगों से अपील करता है कि कानून के दायरे में रहकर अच्छा काम करें और समाज का नाम रौशन करें। जो समाज की बदनामी कराने का कार्य करेंगे अंजुमन ऐसे परिवारों का ना सिर्फ सामाजिक बहिष्कार करेगा बल्कि इसकी जानकारी पुलिस को देकर कानून को बुराई समाप्त करने में सहयोग करेगा।

---

### जिले के 9 लाख 90 हजार लोगों को खिलाई जाएगी यह दवा

# राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

भारत सरकार द्वारा वर्ष 2027 तक फाइलेरिया (हाथीपांव) उन्मूलन के लक्ष्य को लेकर देश के स्थानिक जिलों में व्यापक सामूहिक दवा सेवन (एमडीए) अभियान के संचालित किये जाने का आगाज हो गया है। इसी क्रम में जशपुर जिले में भी जिला स्तर सहित सभी विकासखंडों में अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया।

- हाथी पांव (फाइलेरिया) के खिलाफ बड़ी मुहिम शुरू

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक के नेतृत्व में 10 फरवरी 2026 को राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत सामूहिक दवा सेवन अभियान की शुरुआत सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जशपुर से की गई। साथ ही जिले के समस्त विकासखंडों में भी एक साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिले की कुल 9,90,800 लक्षित जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए अभियान चलाया जा रहा है। प्रथम चरण में 10 से 12 फरवरी 2026 तक स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के सभी विकासखंडों में स्थापित 3,143 बूथों के माध्यम से दवा सेवन कराया गया। इसके पश्चात 13 फरवरी से 25 फरवरी 2026 तक स्वास्थ्य विभाग की टीम एवं आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर दो वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सभी लोगों (गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर रोगियों को छोड़कर) को उम्र एवं ऊंचाई के आधार पर फाइलेरिया-रोधी दवाएं—डीईसी, एल्बेंडाजोल एवं आइवरमेक्टिन—निःशुल्क उपलब्ध करा रही हैं।



#### स्वास्थ्य विभाग एवं जिला प्रशासन की अपील


स्वास्थ्य विभाग ने अपील की है कि फाइलेरिया एक बार होने पर जीवनभर की परेशानी बन सकता है, इसलिए इससे बचाव का सबसे प्रभावी उपाय एमडीए अभियान के तहत दी जा रही दवाओं का सेवन करना है। जिले के सभी विकासखंडों में यह बीमारी पाई जाती है, जिसे सामूहिक प्रयास से रोका जा सकता है।जिला प्रशासन ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे अपने गांव की मितानिन या स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के माध्यम से फाइलेरिया-रोधी दवा अवश्य सेवन करें और अभियान को सफल बनाने में सहयोग दें।

---

## कुसमी, शंकरगढ़ में 5 लाख अवैध ईंट की गई जब्त



**बलरामपुर।** प्रशासन द्वारा जिले में अवैध संचालित ईंट भट्ठों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में विकासखण्ड शंकरगढ़ एवं कुसमी अंतर्गत अवैध रूप से संचालित ईंट निर्माण गतिविधियों पर कार्रवाई करते हुए लगभग 5 लाख अवैध कच्ची ईंटें जब्त की गई हैं। कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के निर्देशन एवं अनुविभागीय शंकरगढ़ विवेक अनमोल टोप्पो के नेतृत्व में तहसीलदार शंकरगढ़ के द्वारा संयुक्त रूप अवैध कच्चा ईंट लगभग 50 हजार को जब्त कर कार्रवाई की गई। इसी कड़ी में अनुविभागीय अधिकारी कुसमी करूण डहरिया के नेतृत्व में तहसीलदार कुसमी के द्वारा ग्राम पंचायत कमलापुर, जवाहरनगर में संतोष, कुलदीप, जयशंकर, बिधना, जवाहर के द्वारा अवैध रूप से ईंट भट्ठे स्थापित कर 4 लाख 50 हजार ईंट निर्मित किया जाना पाया गया। जांच में पाया गया की बिना वैध दस्तावेज और सक्षम अनुमति के अवैध ईंट भट्ठे संचालित किया जा रहा था जहां निर्मित ईंट्टों को जब्त कर कार्यवाही की गई।



# मेरा तो वैलेंटाइन डे का प्लान फिक्स : शमिता

**मुंबई।** अभिनेत्री शमिता शेट्टी ने बीते दिनों अपना जन्मदिन मनाया। उनके बर्थडे सेलिब्रेशन की फोटोज में उनके एक दोस्त की झलक दिखी। इसके बाद उनकी डेटिंग को लेकर अफवाहें शुरू हो गईं। बाद में शमिता ने डेटिंग संबंधी अफवाहों को खुद खारिज किया। मगर, इस बीच उन्होंने अपना वैलेंटाइन डे प्लान शेयर किया है। शमिता शेट्टी ने गुरुवार को इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो शेयर किया है। इसके साथ उन्होंने कैप्शन लिखा है, 'तैयारी पूरी है'। वीडियो में एक्ट्रेस कहती दिख रही हैं, 'मेरा तो 14 फरवरी का प्लान एकदम फिक्स है। किसी भी कपल को देखूंगी तो जोर-जोर से चिल्लाऊंगी कि भाई कल वाली अच्छी थी।

## लाइफ Style



# तापसी


## अलग-अलग शहरों में होगी अस्सी की स्क्रीनिंग

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री तापसी पन्नू इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'अस्सी' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस महीने यह फिल्म रिलीज होने जा रही है। इससे पहले तापसी ने फैंस से अपील की है कि वे सिनेमाघर जाकर यह फिल्म देखें।

अभिनेत्री तापसी पन्नू ने फिल्म 'अस्सी' की सिनेमाघरों में रिलीज से पहले दर्शकों से अपील की है कि वे इस फिल्म को थिएटर्स में जाकर देखें। हालांकि, उन्होंने अनोखे अंदाज में यह बात एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए कही है। साथ ही यह जानकारी भी दी है कि इस फिल्म की थिएटर रिलीज से पहले अलग-अलग शहरों में इसकी स्क्रीनिंग होगी और यह सिलसिला पूरे सप्ताहभर चलेगा। तापसी पन्नू ने गुरुवार को इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने लिखा है, 'चलो समय बदलते हैं, क्योंकि दुख की बात है कि अब सिर्फ अपनी फिल्म बनाकर आराम से बैठ जाना ही सब कुछ नहीं रह गया है। हम अच्छे सिनेमा के हकदार तभी हैं, जब हम उसकी कद्र करते हैं। समाज जल्द ही अच्छी फिल्मों से भर जाएगा, इसलिए नहीं कि हमने लगातार औसत दर्जे की फिल्में चुनी हैं, बल्कि इसलिए कि आपने तब चुप रहना चुना, जब आपकी आवाज आपको सबसे ऊपर ले जा सकती थी'। तापसी ने आगे लिखा है, 'हम अपनी ऑफिशियल रिलीज से एक हफ्ते पहले अलग-अलग शहरों में स्पेशल स्क्रीनिंग के साथ फिल्म 'अस्सी' के लिए आपका भरोसा और प्यार पाने का अपना सफर शुरू कर रहे हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# जेम्स ने कैंसर अवेयरनेस पर किया काम

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्टर जेम्स वैन डेर बीक का निधन कैंसर के कारण हुआ। जब उन्हें अपनी बीमारी का पता चला तो उन्होंने कैंसर अवेयरनेस पर काम करना शुरू किया। गुरुवार को उनके इंस्टाग्राम पेज पर निधन की सूचना साझा की है। सोशल मीडिया पर ही कई हॉलीवुड सेलेब्स और फैंस जेम्स वैन डेर बीक को श्रद्धांजलि दे रहे हैं। लोग जेम्स के परिवार और पत्नी को इस मुश्किल वक्त में सपोर्ट कर रहे हैं, अपनी संवेदनाएं प्रकट कर हैं। फैंस भी उन्हें एक ऐसे शख्स के तौर पर याद कर रहे हैं, जिसने आखिरी वक्त में भी कैंसर अवेयरनेस पर काम किया।



# माई ओनली वन और वेलकम टू वाइकिकी 2 का हिस्सा रहे

**लॉस एंजिल्स।** साउथ कोरियन एक्टर जंग यून वू के निधन से उनके फैंस दुखी हैं। 39 साल की उम्र में इस कोरियन एक्टर ने दुनिया को अलविदा कह दिया। लेकिन, अब फैंस की नजर जंग यून वू की पोस्ट पर गई है। इसे देखकर फैंस हैरान हैं। यह एक्टर माई ओनली वन और वेलकम टू वाइकिकी 2 जैसे टीवी ड्रामा का हिस्सा रहे। जंग यून वू की अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। कुछ फैंस की नजर उनकी आखिरी इंस्टाग्राम पोस्ट पर गई। जिसमें साउथ कोरियन एक्टर जंग यून वू ने कई दिवंगत आर्टिस्ट्स लेस्ली चेउंग और एमी वाइनहाउस की तस्वीरें शेयर की थीं। साथ ही कैप्शन लिखा, 'ईर्ष्या, याद और पछतावा।' कोरियन एक्टर जंग यून वू की आखिरी क्रिप्टिक पोस्ट और मौत पर फैंस ने रिएक्शन दिए हैं। एक यूजर ने लिखा, 'मैं एक बेहतर दुनिया में आपके अधिक चमकने की प्रार्थना करता हूं।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'कितना



# अपनी जेनरेशन से काफी अलग हैं आलिया

**मुंबई।** अभिनेत्री आलिया भट्ट के बारे में एक्ट्रेस रत्ना पाठक ने कई बातें शेयर की हैं। एक इंटरव्यू में आज के समय के एक्टर्स और आलिया के व्यवहार में काफी फर्क बताया। साथ ही फिल्म 'कपूर एंड संस' में साथ काम करने का अनुभव भी साझा किया। आलिया भट्ट की 'कपूर एंड संस' साल 2016 में रिलीज हुई एक फैमिली फिल्म थी। इस फिल्म में ऋषि कपूर,रत्ना पाठक समेत कई मशहूर कलाकार शामिल थे । हाल में दिए अपने एक इंटरव्यू में अभिनेत्री रत्ना पाठक ने आलिया भट्ट को बाकी नए कलाकारों से अलग बताया। उनके व्यवहार की तारीफ की। अभिनेत्री रत्ना पाठक का बॉलीवुड में एक लंबा कॅरियर रहा, उन्होंने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया है। उन्होंने कहा, 'आलिया सेट पर काफी अलर्ट रहती थीं।



# फरहान को एक पैसा नहीं देंगे रणवीर

**मुंबई।** रणवीर सिंह के 'डॉन 3' से बाहर होने के बाद फरहान अख्तर ने कहा कि उन्हें 40 करोड़ रुपए की भरपाई करनी चाहिए। इन पैसों को लेकर मेकर्स ने जो डिमांड रखी है उसे लेकर रणवीर सिंह ने साफ कर दिया है कि वो ऐसा कुछ नहीं करेंगे। रणवीर सिंह ने कहा कि उन्होंने संजय लीला भंसाली की फिल्म 'बैजू बावरा' के लिए एक साल तक तैयारी की थी, लेकिन डायरेक्टर ने 'लव एंड वॉर' पर काम करना शुरू कर दिया। रणवीर सिंह ने अपनी बात समझाते हुए कहा कि बॉलीवुड में लंबे इंतजार के बाद भी फिल्मों का न बन पाना आम बात है और ऐसे मामलों में किसी पर किसी का कोई कर्ज नहीं होता। हालांकि, दोनों पक्षों के बीच मामले को सुलझाने के लिए, प्रोड्यूसर्स गिल्ड ऑफ इंडिया ने एक बंद कमरे में बैठक भी की, जिसमें दोनों पक्षों की बातों को रखा गया।

## टीवी मसाला



# बैंडवाले का ट्रेलर रिलीज डीजे साइको बन छाए जहान

**नई दिल्ली।** नई सीरीज 'बैंडवाले' का ट्रेलर रिलीज किया गया है, जिसमें शशि कपूर के पोते जहान कपूर नजर आ रहे हैं। 'बैंडवाले' 13 फरवरी को ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर 240 देशों में स्ट्रीम किया जाएगा। इसके ट्रेलर को काफी पसंद किया जा रहा है और यूजर्स के काफी कमेंट्स आ रहे हैं। जहान ने 'ब्लैक वारंट' से डेब्यू किया था और धमाल मचा दिया था। अब वह डीजे साइको बनकर आए हैं और साथ में स्वानंद किरकिरे हैं। 'ब्लैक वारंट' सीरीज से धमाकेदार शुरुआत करने वाले शशि कपूर के पोते और एक्टर जहान कपूर अब जल्द ही नई सीरीज 'बैंडवाले' में नजर आएंगे। सीरीज का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है, जो वाकई मजेदार है। कई ऐसे पल हैं, जहां हंसी से लोटपोट हो जाएंगे। जहान कपूर भी एकदम अलग अवतार में हैं और चौंका रहे हैं। 'बैंडवाले' एक म्यूजिकल सीरीज है, जिसमें जहान कपूर ने डीजे साइको का रोल प्ले किया है। साथ में गीतकार स्वानंद किरकिरे भी हैं, जो अपनी एक्टिंग से सबको चौंका देंगे। 'बैंडवाले' में शालिनी पांडे भी हैं, जो अर्जुन रेड्डी, डब्बा कार्टेल और महाराज जैसी फिल्मों में तारीफें बटोर चुकी हैं। इस सीरीज में वह छोटे से शहर रतलाम में रहने वाली एक कवयित्री का रोल प्ले कर रही हैं। हालांकि, वह गुमनाम होकर अपनी कविताएं लिखती और छपवाती हैं, जिनके बारे में उनके परिवार को पता नहीं है। ट्रेलर की शुरुआत रोबो कुमार नाम के सिंगर से होती है, जो एक शादी में बैंडबाजा वाले के साथ गाना गाते हैं। यह किरदार स्वानंद किरकिरे ने निभाया है। लेकिन रोबो ऐसा गाता है कि दूल्हे के साथ बाराती भी परेशान हो जाते हैं। कोई उसका गाते हुए वीडियो बना लेता है और सोशल मीडिया पर वायरल कर देता है।

## दूरदर्शन का पहला भुतहा शो, किले में भटकती थी आत्मा

**नई दिल्ली।** भारतीय टेलीविजन पर हॉरर शो की चर्चा होते ही सबसे पहला नाम 'आहट' का आता है। लेकिन, सच तो यह है कि इससे पहले भी एक ऐसा शो था जिसने दर्शकों को डर का असली मतलब सिखाया था। यह एक ऐसा शो था जिसने लोगों को डरा दिया था, फिर भी रोमांच इतना जबरदस्त था कि लोग इसे देखना बंद नहीं कर पाते थे। इसे देखकर वो जितना डरते थे, उतना ही एक्साइटेड भी हो जाते थे। 'किले का रहस्य' ने उस दौर में डर को मनोरंजन में बदल दिया और टेलीविजन पर हॉरर शो की नींव रखी। 'आहट' से भी पहले प्रसारित हुए इस सीरियल ने टेलीविजन पर हॉरर शैली की शुरुआत की। यही कारण है कि इसे आज भी याद किया जाता है। इस शो का प्रीमियर 1989 में हुआ था। ये हफ्ते में केवल एक बार प्रसारित होता था। हर एपिसोड का अंत बेहद सस्पेंस से भरा होता था।



# राजेश खन्ना पर भारी पड़ता था ये विलेन

## कभी 8 महीने रहा था बेरोजगार

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा का वो दिग्गज अभिनेता जिसने हर किरदार में जान फूंक दी। वो विलेन जिसके फिल्मों में होने से राजेश खन्ना को कास्ट करना मुश्किल हो जाता था। एक्टिंग ऐसी कि लोग उनके मुरीद हो जाते थे। इस एक्टर की एंट्री होते ही थिएटर तालियों से गड़गड़ा उठता था। अपनी फिल्मों में कास्ट करने लिए तो मेकर्स के बीच होड़ मची रहती थीं। एक्टिंग की दुनिया का वो सितारा जिसने पहचान विलेन के तौर पर बनाई, लेकिन असल जिदंगी में बेहद दरियादिल इंसान था। अपने हर किरदार से वह दर्शकों का दिल जीत लिया करते थे। जिस फिल्म में वह होते थे, वह हिट की गारंटी बन जाती थीं। साल 1920 में पुरानी दिल्ली के कोटगढ़ बल्ली मारा में जन्मे प्राण के पिता कृष्ण सिकंद सिविल इंजीनियर थे और मां रामेश्वरी गृहिणी. प्राण को पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने दिल्ली में एक फोटोग्राफी कंपनी में काम शुरू किया। किस्मत ने लाहौर में उनका रास्ता बदल दिया। वहां एक दुकान पर फिल्म लेखक मोहम्मद वली से मुलाकात हुई। इसी मुलाकात ने उन्हें फिल्मों तक पहुंचा दिया।



1940 में पंजाबी फिल्म 'यमला जट्ट'में उन्हें हीरो का रोल मिला। फिल्म हिट रही और प्राण की गिनती उभरते सितारों में होने लगी। इसके बाद चौधरी, खजानची और हिंदी फिल्म खानदान में भी उन्होंने काम किया।

***बंटवारा जिंदगी का सबसे बड़ा मोड़ साबित हुआ*** : लेकिन 1947 का बंटवारा उनकी जिंदगी का सबसे बड़ा मोड़ साबित हुआ। लाहौर में बतौर हीरो जम चुके प्राण को सब कुछ छोड़कर मुंबई आना पड़ा। यहां उन्हें पूरे 8 महीने तक काम का इंतजार करना पड़ा। हालत ऐसे हो गए कि मरीन ड्राइव के एक होटल में काम करना पड़ा। आर्थिक तंगी का वो दौर बेहद मुश्किल था।

***जिद्दी से की नई पारी शुरू*** : आखिरकार सादत हसन मंटो और अभिनेता श्याम की मदद से 1948 में बॉम्बे टॉकीज की फिल्म जिद्दी मिली। देव आनंद और कामिनी कौशल स्टारर इस फिल्म में प्राण ने विलेन का रोल निभाया। यहीं से उनकी नई पारी शुरू हुई। इसके बाद तो प्राण हिंदी सिनेमा के सबसे दमदार खलनायक बन गए। दिलीप कुमार से लेकर अमिताभ बच्चन तक, हर बड़े स्टार के सामने उनका मुकाबला अलग ही दिखता था। मधुमति, जॉनी मेरा नाम, जंजीर और डॉन जैसी फिल्मों में उनके किरदार आज भी याद किए जाते हैं।

# च्यवनप्राश ऐड की वजह से श्रीराम लागू का मेडिकल लाइसेंस हुआ था रद्द

**नई दिल्ली।** 'पुष्पा 2' के सॉन्ग 'किसिक' के बाद अब अब बॉलीवुड में कार्तिक आर्यन के साथ 'आशिकी 3' से डेब्यू करने जा रहीं श्रीलीला ने ऑफिशियली एमबीबीएस की डिग्री हासिल कर ली है। एक्ट्रेस की कॉन्वोकेशन सेरेमनी का वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में है। श्रीलीला से पहले अदिति गोवित्रिकर, पलाश सेन, साई पल्लवी ( 2016 में एमबीबीएस की मेडिकल डिग्री पूरी की) जैसे कई और कलाकारों ने मेडिकल की डिग्री हासिल की। वहीं, आज हम यहां एक ऐसे एक्टर के बारे में बात करने जा रहे हैं



जिन्होंने मेडिकल की डिग्री पाई तो थी, लेकिन च्यवनप्राश की वजह से उनका मेडिकल लाइसेंस रद्द कर दिया गया। बरसों पहले, श्रीराम लागू का मेडिकल लाइसेंस एक ऐड की वजह से रद्द कर दिया गया था। दशकों पहले, मराठी और बॉलीवुड एक्टर श्रीराम लागू ने जब एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की थी, जब वे पहले से ही एक डॉक्टर थे। एक विज्ञापन में वो नजर आए और इसके बाद उनका लाइसेंस रद्द कर दिया गया था। बता दें कि श्रीराम लागू ने बीजे मेडिकल कॉलेज से मेडिकल की डिग्री पूरी की थी।

***मेडिकल प्रैक्टिस जारी रखते हुए एक्टिंग पूरी की*** : उन्होंने साल 1960 के दशक में पुणे और तंजानिया में ईएनटी सर्जन के रूप में प्रैक्टिस की।

### ईएनटी सर्जन हुआ करता था

इस घटना के कई साल बाद तबस्सुम के साथ एक बातचीत में लागू ने इसे लेकर बात की थी। तबस्सुम ने उनसे पूछा कि क्या वे डॉक्टर हैं? इसपर उन्होंने स्वीकार करते हुए कहा कहा था, 'मैं इस वक्त किसी भी तरह का डॉक्टर नहीं हूं। मैं एक समय में ईएनटी सर्जन हुआ करता था।' हालांकि इसे लेकर उन्होंने कोई सफाई नहीं दी।

मेडिकल कॉलेज में अपने पहले ईयर के दौरान ही उनका परिचय थिएटर से हुआ। तब से थिएटर उनका जुनून बन गया और मेडिकल प्रैक्टिस जारी रखते हुए, उन्होंने एक्टिंग को पूरी तरह से अपना लिया।

***यह एक नैतिक टकराव था और जल्द ही लाइसेंस रद्द कर दिया*** : श्रीराम लागू साल 1980 में डाबर च्यवनप्राश के एक ऐड में नजर आए थे। उनके ऐड ने काफी हंगामा खड़ा कर दिया क्योंकि कहा गया कि एक डॉक्टर होने के बावजूद उन्होंने पैसों के लिए विज्ञापन किया। यह एक नैतिक टकराव था और जल्द ही, इंडियन मेडिकल काउंसिल (एमसीआई) ने उनका लाइसेंस रद्द कर दिया और उन्हें मेडिकल प्रैक्टिस करने से मना कर दिया गया।

## बचपन में जो नेम-फेमस हासिल किया, वो अब नहीं मिल रहा

# 6 की उम्र में मुंबई में खरीद लिया घर, 10 साल में नेशनल अवॉर्ड

***नई दिल्ली।*** *बाल कलाकार के रूप में अपना कॅरियर शुरू करने वाले मास्टर राजू इस वक्त साइड रोल्स करते दिखाई देते हैं। उन्होंने बचपन में जो नेम-फेमस हासिल किया, वो अब नहीं मिल रहा। बॉलीवुड में बहुत कम ऐसे चाइल्ड आर्टिस्ट हैं, जिन्होंने बड़े होने पर भी उनता ही नेम-फेम हासिल किया हो। कुछ गुमनामी में हैं तो कुछ बड़े स्टार हैं। हम आज बात कर रहे हैं मास्टर राजू की, जिन्होंने बचपन में तो सफलता के खूब स्वाद चखे, लेकिन बड़े होने पर वैसा मुकाम हासिल नहीं कर पाए। 6 साल की उम्र में ही उन्होंने मुंबई के पॉश इलाके में घर खरीद लिया था। एक वक्त था, जब उनके पास अमिताभ बच्चन से ज्यादा काम था। लेकिन, आज उनकी हालत कुछ खास नहीं।*

### पहली फिल्म थी परिचय

मास्टर राजू के बचपन का नाम फहीम अजानी थी। वह मुंबई के डोंगरी में रहते थे। उनके परिवार से कोई भी फिल्म इंडस्ट्री से नहीं था। इसलिए पहले उन्हें एक्टिंग करने की इजाजत नहीं मिली थी। मगर एक बार उन्होंने गुलजार की फिल्म 'परिचय' का ऑडिशन दिया तो वह बहुत रोए, क्योंकि वो कर नहीं पाए। उस वक्त 5 साल के थे। मगर ये उनके हक में काम आया और उन्हें कास्ट कर लिया गया। अब वह राजू श्रेष्ठ के नाम से जाने जाते हैं। संजीव कुमार जी के साथ अपनी पहली फिल्म परिचय की थी। वह उसकी शूटिंग के दौरान मुझे मास्टर राजू कहते थे। वहीं, लोग मुझे लड्डू कहते थे। लेकिन, उन्होंने कहा कि राजू ज्यादा सही नाम है। और ऐसे मैं मास्टर राजू से फेमस हो गया।

### फहीम अजानी से कैसे बने मास्टर राजू?

मास्टर राजू ने राजेश खन्ना, अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र, संजीव कुमार, जीतेंद्र, अनिल कपूर जैसे दिग्गज कलाकारों के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर किया है। एक्टर ने एक इंटरव्यू में बताया था कि उनका नाम फहीम से मास्टर राजू कैसे पड़ा। उनके मुताबिक, 'संजीव कुमार जी के साथ अपनी पहली फिल्म परिचय की थी। वह उसकी शूटिंग के दौरान मुझे मास्टर राजू कहते थे। वहीं, लोग मुझे लड्डू कहते थे। लेकिन, उन्होंने कहा कि राजू ज्यादा सही नाम है। और ऐसे मैं मास्टर राजू से फेमस हो गया।' मेरा शूटिंग शेड्यूल बहुत व्यस्त रहता था। मैं एक साथ लगभग तीन फिल्मों की शूटिंग करता था और तीन अलग-अलग शिफ्टों में काम करता था। कभी ऐसा महसूस नहीं हुआ कि मेरा शोषण हो रहा है।



### बाल कलाकार के किरदार में छाए

मास्टर राजू ने गुलजार के बाद श चोपड़ा, हृषिकेश मुखर्जी और बसु चटर्जी जैसे फेमस डायरेक्टर्स के साथ भी काम किया। उनकी फिल्में अमर प्रेम, दाग- द पोएम ऑफ लव, दीवार, इंकार, खुद-दार और वो सात दिन समेत अन्य सब सुपरहिट रहीं। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया था कि उनको इतने प्रोजेक्ट मिलते थे कि एक साथ वह 3-3 फिल्मों की शूटिंग करते थे। 'मेरा शूटिंग शेड्यूल बहुत व्यस्त रहता था। मैं एक साथ लगभग 2 फिल्मों की शूटिंग करता था और तीन अलग-अलग शिफ्टों में काम करता था। कभी ऐसा नहीं लगा कि मेरा शोषण हो रहा है।'

***फीस 10 हजार से 1 लाख रुपए*** : मास्टर राजू को मेहनत का फल भी मिला। उनको 1976 में आई फिल्म 'चितचोर' को लिए बेस्ट चाइल्ड आर्टिस्ट कैटेगरी में नेशनल फिल्म अवॉर्ड भी मिला था। उन्होंने बताया था कि पहली मूवी के बाद उन्हें हर फिल्म में 10,000 रुपए बतौर फीस मिलते थे। लेकिन, 4 साल बाद उनका काम और चमका, जिसके कारण वो रकम बढ़कर 1 लाख रुपए हो गई थी। 'जब 1977 में मैं बहुत फेमस हो या था, तो मुझे 1 लाख रुपए से ज्यादा फीस मिलने लगी थी।' मैंने बांद्रा में 11 लाख रुपए में एक घर खरीदा था। मेरे पापा ने इन्वेस्टमेंट सही जगह की। जिसका फायदा आज भी मिल रहा है। मुझे कभी भी ऐसा दौर नहीं देखना पड़ा कि मेरे पास काम न हो।

***मास्टर राजू का इंतजार करते थे अमिताभ*** : मास्टर राजू ने एक इंटरव्यू में बताया कि 1975 में फिल्म 'फरार' के दौरान अमिताभ बच्चन को सेट पर उनका इंतजार करना पड़ता था क्योंकि बिग बी के पास उतना काम नहीं था लेकिन वह तो साथ में तीन-तीन फिल्मों की शूटिंग कर रहे थे। उन्होंने बताया, 'जब मैं सेट पर आता था को मेरे शॉट्स को प्राथमिकता दी जाती थी। अमित जी से एक साइड बैठने के लिए कह दिया जाता था। क्योंकि, मुझे 3 घंटे में निकलना होता था। वह बस इंतजार करते रहते थे।'

***नशेड़ी का टैग मिला***: मास्टर राजू जब 9वीं क्लास में आए तो उन्होंने एक्टिंग से ब्रेक ले लिया था, जिससे पढ़ाई पर फोकस कर सकें। फिर जब कमबैक किया तो वह ग्रे शेड कैरेक्टर करना चाहते थे, क्योंकि 'गुड बॉय' इमेज से बोर हो गए थे। उन्होंने एक शो 'चुनौती' और महेश भट्ट की फिल्म 'साथी' में नशेड़ी का रोल किया, जिसके बाद उन्हें ड्रग एडिक्ट का टैग मिल गया।

**खबर संक्षेप**

## स्कूल में मनाई गई महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती

**घरघोड़ा।** डीएवी पब्लिक स्कूल एनटीपीसी तलईपल्ली में महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार शर्मा ने दीप प्रज्वलन से की। विद्यालय परिवार ने महर्षि दयानंद सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर संस्कृत शिक्षिका प्रभास्विनी साहू ने विद्यार्थियों को महर्षि दयानंद सरस्वती के जीवन एवं उनके महान कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महर्षि दयानंद सरस्वती ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने तथा वेदों के सच्चे ज्ञान के प्रसार के लिए आर्य समाज की स्थापना की। उनके विचार आज भी समाज को सत्य, शिक्षा और समानता की दिशा में प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों उपस्थित थे विद्यार्थियों ने महर्षि दयानंद सरस्वती के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों एवं भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना विकसित होती है।

## फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का आगाज



**सरिया।** फाइलेरिया हाथी पांव से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत नगर पंचायत सरिया कार्यालय एवं नगर में घर.घर जाकर एवं बूथों पर एल्बेंडाजोल और डीईसी की दवा नि शुल्क पिलाई जा रही है। यह एक राष्ट्रीय अभियान है। जो परजीवियों को नष्ट कर मच्छरों के माध्यम से फैलने वाली इस विकलांगता को रोकना है। इसी उद्देश्य को लेकर सरकार द्वारा राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत सरिया नगर पंचायत कार्यालय में भी नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल ने एल्बेंडाजोल की दवा खाकर इसकी शुरुआत की। 10 से 25 फरवरी तक चलने वाले फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के नगर पंचायत कार्यालय सरिया में सभी कर्मचारी, जनप्रतिनिधि व नगर के पंचायत के सफाई कर्मचारी, स्वच्छता दीदियों ने दवा का सेवन किया।

## निधन

### राधा देवी अग्रवाल



**कूड़ेकेला।** स्थानीय निवासी श्रीमती राधा देवी अग्रवाल का 9 फरवरी सोमवार फाल्गुन कृष्ण पक्ष अष्टमी को 88 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार थीं। वे अपने पीछे पुत्र पवन अग्रवाल, ललेश अग्रवाल सहित पोता पोतियों से भरा.पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। अंतिम यात्रा में स्वजातीय बंधु सहित क्षेत्र के ग्रामीण भारी संख्या में उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार सरिया, जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र.
बी-121 / वर्ष 2024-25
ग्राम सरिया तहसील सरिया
जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुस्कान अग्रवाल पिता मुकेश अग्रवाल निवासी सरिया तहसील सरिया जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के द्वारा आवेदन पेश कर आवेदक अपने स्वयं के लिए केन्द्र सरकार के अंतर्गत लोक पदों एवं सेवाओं में नियुक्ति एवं शैक्षाणिक संस्थाओं में प्रवेश हेतु भारत सरकार द्वारा प्रवर्तित आर्थिक कमजोर वर्ग (E.W.S) के लिए निर्धारित 10 प्रतिशत आरक्षण का लाभ प्राप्त करने हेतु भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र की आवश्यकता होने का लेखकर आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने किसी अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि 25.02.2026 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त उजर दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 10.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार सरिया**

### गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के सख्त निर्देश

# कलेक्टर का अल्टीमेटम, जल जीवन मिशन के कार्य 30 अप्रैल तक करना होगा पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



ठेकेदार को हिदायत देते कलेक्टर।

जिले में सुदूर वनांचल क्षेत्र में संचालित जल जीवन मिशन के तहत तमनार जल समूह योजना की प्रगति का जायजा लेने के लिए कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिजीत बबन पठारे, एसडीएम दुर्गा प्रसाद अधिकारी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड रायगढ़ की कार्यपालन अभियंता श्रीमती प्रतिभा नवरतन, सहायक अभियंता परिमल तिवारी एवं उप अभियंता विकास एक्का सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्माणाधीन संरचनाओं, पाइपलाइन विस्तार, जलाशय निर्माण एवं अन्य तकनीकी कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कार्य की वर्तमान स्थिति, शेष कार्यों की समय.सीमा तथा तकनीकी मानकों के पालन की जानकारी ली। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान योजना के अंतर्गत शेष सभी कार्यों को निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागीय उप अभियंता एवं ठेकेदार को निर्देशित किया कि कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा और 30 अप्रैल तक सभी कार्य अनिवार्य रूप से पूर्ण किए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि जल जीवन मिशन का उद्देश्य प्रत्येक ग्रामीण परिवार तक सुरक्षित एवं स्वच्छ पेयजल की सतत आपूर्ति सुनिश्चित करना है, इसलिए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता न किया जाए।

**तकनीकी मानदंडों का हो पालन**

पाइपलाइन बिछाने जल टंकी निर्माण और घरेलू नल कनेक्शन जैसे कार्यों में तकनीकी मापदंडों का कड़ाई से पालन किया जाए ताकि योजना का लाभ दीर्घकाल तक ग्रामीणों को मिलता रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करनेए कार्यों की प्रगति रिपोर्ट समय-समय पर प्रस्तुत करने तथा किसी भी तकनीकी या प्रशासनिक बाधा का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## चंद्रपुर में महाशिवरात्रि पर सामूहिक रुद्राभिषेक और शिव बारात

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर



धर्म की नगरी चंद्रपुर में पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी महाशिवरात्रि महोत्सव द्वितीय वर्ष बड़े ही श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। आयोजन समिति द्वारा इसकी व्यापक तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। नगर के श्रद्धालुओं में अभी से उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। आयोजन समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर सुबह 8 बजे सामूहिक पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक का आयोजन किया जाएगा, जिसमें नगर सहित आसपास के क्षेत्रों के श्रद्धालु भाग लेकर भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करेंगे। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विशेष पूजन-अर्चन किया जाएगा। इसके पश्चात शाम 5 बजे से भव्य शिव बारात निकाली जाएगी। यह शिव बारात दरहा घाट स्थित स्वयंभू महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए भ्रमण करेगी। शिव बारात में भगवान शिव की आकर्षक झांकी, डीजे, ढोल.नगाड़े और भक्ति गीतों के साथ श्रद्धालु शामिल होंगे। पूरे

**झांकियों से सजेगा नगर**

नगर में भक्ति का माहौल निर्मित होगा। नगर भ्रमण के उपरांत मंदिर परिसर में महादेव की महाआरती की जाएगी तथा उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया जाएगा। आयोजन समिति के सदस्य शेखर मालवीय ने बताया कि महादेव के आशीर्वाद से पिछले वर्ष इस आयोजन की शुरुआत की गई थी, जिसे नगरवासियों का भरपूर सहयोग और समर्थन प्राप्त हुआ। इसी उत्साह को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी महाशिवरात्रि महोत्सव को और अधिक भव्य एवं व्यवस्थित रूप से मनाने की तैयारी की गई है।

## फाइलेरिया रोधी हाथी पांव दवा का किया सामूहिक सेवन



हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

12 फरवरी को डॉ भंवर सिंह पोर्ते महाविद्यालय घरघोड़ा में कैंप लगाकर फाइलेरिया रोधी दवा हाथी पांव का सामूहिक रूप से सेवन किया गया। रेडक्रॉस प्रभारी अजय कुमार मिश्रा ने बताया की शासन के मनसा अनुसार 2030 तक भारत को फाइलेरिया से मुक्त राष्ट्र बनाने का लक्ष्य है। इस कारण प्रतिवर्ष हमें फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराया जाता है ताकि लक्ष्य की प्राप्ति हो सके और फाइलेरिया मुक्त राष्ट्र बने। हमें निश्चित रूप से दवा का सेवन करना चाहिए फाइलेरिया हाथी पांव एक गंभीर ला इलाज बीमारी है जो कि संक्रमित कुलेक्स मादा मच्छर के काटने से फैलता है, यह एक प्रकार का परजीवी रोग है जिसका लक्षण त्वचा का मोटा होना, पैर का सामान्य से मोटा होना हाथी के पांव जैसा या फुला पैर दिखाई देता है। सतर्कता ही सुरक्षा है हमे आस पास को स्वच्छ रखना, नाली में पानी जमा न होने देनाए मच्छड दानी का प्रयोग करने तथा दवा को समय पर सेवन करने के लिए प्रेरित किए। सरकार द्वारा हमें यह दावा मुक्त दी जाती है, इसके सेवन से किसी प्रकार का दुष्प्रभाव नहीं पड़ता सभी छात्र-छात्राएं निर्भीक होकर इस सेवन किए। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी स्टाफ एवं कुल 95 छात्राओं द्वारा दवा का सेवन सामूहिक रूप से किया गया।

## देवकुमारी बने अनुसूचित जाति महिला मोर्चा प्रमुख

**कोसीर।** बीजेपी ने जिले भर में सक्रिय कार्यकर्ताओं का चयन कर सभी को एक विशेष जिम्मेदारी दी गई है। जिसमे कोसीर क्षेत्र की कार्यकर्ता देवकूमारी लहरे को सारंगढ विलाईगढ जिले की अनुसूचित जाति मोर्चा की विशेष महिला प्रमुख की जिम्मेदारी दी गई। उनकी नियुक्ति से क्षेत्र मे खुशी कि महौल है। देवकूमारी पूर्व में भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य थी जो पार्टी संगठन में रहकर पूरी सक्रियता के साथ कार्य की है जिसके फलस्वरूप अब महिला मोर्चा प्रमुख बनाई गई है। जिसके लिए भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सनम जांगड़े, सारंगढ़ बिलाईगढ़ के जिला अध्यक्ष ज्योति पटेल, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष देवेन्द्र रात्रे के द्वारा मुझे अनुसूचित जाति मोर्चा सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले की महिला प्रमुख के महत्वपूर्ण दायित्व प्रदान किया।

# बिलाईगढ़ पुलिस ने किया शातिर चोर को गिरफ्तार, 8 लाख की संपत्ति बरामद





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

बिलाईगढ़ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चोरी के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी हुए सोने-चांदी के जेवरात, नगदी रकम सहित घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त कर कुल लगभग 7 लाख 71 हजार बरामदगी की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी रामलाल साहू 58 वर्ष निवासी नगर पंचायत पवनी थाना बिलाईगढ़ ने 12 फरवरी को थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 11 फरवरी को दोपहर लगभग 2 से 2:30 बजे के बीच वे अपने परिवार के साथ घर में ताला लगाकर कार खरीदने कसडोल गए थे। रात करीब 10 से 10:30 बजे वापस लौटने पर घर का ताला टूटा मिला। आलमारी में रखे बैग से सोने-चांदी के जेवरातए, नगदी 3 हजार एवं आधार कार्ड अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिए गए थे। पुलिस ने धारा 331,(4) 305 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। जांच के दौरान पुलिस ने शादी समारोह में आए टेंट, कैटरिंग और कैमरा स्टाफ से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान टेंट में कार्य करने वाला कर्मचारी कौशिक प्रधान 19 पिता घनश्याम प्रधान निवासी अमलडीहा, थाना गिधौरी, जिला बलौदा बाजार भाटापारा, संदेह के घेरे में आया। पूछताछ में वह घबराने लगा और संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। डॉग स्क्वॉड की सहायता से संदेह पुख्ता होने पर सख्ती से पूछताछ में उसने चोरी करना स्वीकार कर लिया। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 6 तोला 2 ग्राम सोने के जेवरात कीमत लगभग 5 लाख 59 हजार, 800 ग्राम चांदी के जेवरात कीमत लगभग 1 लाख 79 हजार नगदी 3 हजार रुपए तथा घटना में प्रयुक्त स्प्लेंडर मोटरसाइकिल सीजी 22 डब्ल्यू 3226, कीमत लगभग 30 हजार रुपए जब्त की। कुल बरामद संपत्ति की कीमत लगभग 7 लाख 71 हजार आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया है।

# लातनाला मंदिर क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री, खुलेआम सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर

नगर से लगे लातनाला चौक अवैध शराब कारोबार के कारण सुर्खियों में है। धार्मिक आस्था के प्रमुख केंद्र मां नाथलदाई मंदिर के समीप जिस तरह खुलेआम महुआ, देसी और विदेशी शराब की बिक्री हो रही है, उसने क्षेत्र की पवित्रता और कानून व्यवस्था दोनों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। चंद्रपुर नगर से लगभग एक किलोमीटर दूरी पर स्थित इस स्थल पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। कई परिवार लातनाला के पास ही प्रसाद बनाकर भोजन करते हैं और समय बिताते हैं, लेकिन इसी पवित्र वातावरण के बीच पान ठेला, चाय-नाश्ते की होटल और ढाबों की आड़ में अवैध शराब बेचे जाने की जानकारी सामने आ रही है। शाम ढलते ही नशे में धुत लोगों की भीड़ लग जाती है, जिससे महिलाओं, बच्चों और बुजुर्ग श्रद्धालुओं को असहज स्थिति का सामना करना पड़ता है। आए दिन गाली.-गलौज, विवाद और झगड़े की घटनाएं सामने आने से स्थानीय नागरिकों में रोष व्याप्त है। सूत्रों के अनुसार लातनाला चौक के पास अवैध शराब की भट्टी भी संचालित की जा रही है, जहां कच्ची महुआ शराब तैयार कर खुलेआम बेची जाती है। वही कुछ अवैध कारोबारी टीमरलगा शासकीय कंपोजिट शराब दुकान से शराब खरीदकर अधिक मूल्य पर अवैध बिक्री किए जाने की भी चर्चा है। इतना ही नहीं, कुछ कारोबारी अन्य जिलों से शराब लाकर यहां खपा रहे हैं, जिससे अवैध व्यापार का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार टीमरलगा और गुड़ेली क्षेत्र के कुछ ढाबों में दिन हो या रात, खुलेआम जाम छलकता है। कुछ स्थानों पर बैठकर शराब पीने की बाकायदा व्यवस्था तक कर दी गई है।

**दूरी का उठा रहे फायदा**





लातनाला क्षेत्र सारंगढ़ मुख्यालय से लगभग 22 किलोमीटर दूर होने का फायदा अवैध कारोबारी उठा रहे हैं। व्यापक स्तर पर चल रहे इस अवैध कारोबार के बावजूद सारंगढ़ आबकारी और पुलिस विभाग की ओर से प्रभावी और ठोस कार्रवाई नजर नहीं आ रही है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि बिना स्थानीय स्तर पर संरक्षण के इस प्रकार का संगठित अवैध व्यापार संभव नहीं है। धार्मिक स्थलों के आसपास शराब बिक्री से न केवल आस्था आहत हो रही है, बल्कि कानून व्यवस्था की स्थिति भी बिगड़ने की आशंका बनी हुई है। स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं द्वारा अवैध भट्टियों, ढाबों और पान ठेलों पर कार्रवाई कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की जा रही है।

अवैध शराब बिक्री की जानकारी प्राप्त हुई है। मामले को गंभीरता से लिया गया है और जल्द ही टीम भेजकर मौके पर जांच व आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।
**कामिल हक**
थाना प्रभारी कोतवाली सारंगढ़।

## स्कूली बच्चों को कराया गया न्यौता भोज



**हाटी/कुड़ेकेला।** ग्राम पंचायत हाटी के समाजसेवी प्रहलाद राय अग्रवाल और सरोजलता अग्रवाल की दाम्पत्य जीवन 44 वी वर्षगांठ ग्राम के पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों के साथ सपरिवार आनंदमय माहौल केक काटकर व मिठाई, बाटकर मनाया। इस अवसर में उनके परिवार और चंचल राजा अग्रवाल उपसरपंच, ग्राम पंचायत हाटी के द्वारा समस्त बच्चो को न्योता भोजन में दाल, चावल, छोले, पुड़ी, मिक्सवेज, चटनी और मिठाई दिए। कार्यक्रम में रजनी राठिया, जिला पंचायत सदस्य, तहसीलदार छाल लोमेश मिरी, एसआर सिदार, विखं शिक्षाधिकारी, टीआई त्रिनाथ त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष डोल नारायण पटेल, संजय गुप्ता, उनके परिवार जन, जनप्रतिनिधि भाजपा कार्यकर्ता एसमस्त शिक्षक स्टाफ शामिल हुए।

# खनिज उत्खनन प्रभावित घरघोड़ा में आईटीआई प्रशासनिक भवन का होगा उन्नयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिला प्रशासन द्वारा खनिज उत्खनन प्रभावित एवं सुदूर वनांचल विकासखंड घरघोड़ा में संचालित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई के प्रशासनिक भवन तथा मुख्यमंत्री युवा केंद्र को सुदृढ़ एवं सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में ठोस कार्ययोजना तैयार की जा रही है। आवश्यकता अनुसार जिला खनिज न्यास निधि डीएमएफ मद से अधोसंरचना सुधार, संधारण एवं मरम्मत कार्य कराए जाएंगे, ताकि क्षेत्र के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने घरघोड़ा एवं तमनार विकासखंड का सघन दौरा कर राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा स्वीकृत विकास कार्यों की प्रगति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शासकीय आईटीआई प्रशिक्षण केंद्र के प्रशासनिक भवन एवं परिसर का अवलोकन किया। कलेक्टर ने अध्ययनरत विद्यार्थियों से संवाद कर उनके पाठ्यक्रमए प्रशिक्षण व्यवस्था एवं भविष्य के रोजगार अवसरों की जानकारी ली। विशेष रूप से कोपा ;कंप्यूटर संचालन एवं प्रोग्रामिंग सहायक व्यवसाय के विद्यार्थियों से चर्चा कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता एवं संभावित रोजगार अवसरों पर विस्तार से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए उपलब्ध उपकरणए प्रयोग सामग्री एवं अन्य संसाधनों की समीक्षा की। साथ ही संसाधनों की आपूर्ति के संबंध में उच्च कार्यालय को भेजे गए पत्राचार की जानकारी लेते हुए संबंधित पत्रों की प्रतिलिपि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आईटीआई प्रशासनिक भवन के बेहतर रख.रखाव, स्वच्छता एवं सुव्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा मरम्मत एवं संधारण योग्य कार्यों का प्रस्ताव शीघ्र प्रस्तुत करने को कहा। दौरे के दौरान कलेक्टर ने मुख्यमंत्री युवा केंद्र का भी निरीक्षण किया। यहां संचालित शासकीय योजनाओंए कार्यक्रमों एवं अन्य गतिविधियों की विस्तृत जानकारी ली गई। उन्होंने केंद्र भवन के आवश्यक सुधार एवं मरम्मत कार्यों का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जीवन रक्षक ब्लड स्टोरेज यूनिट की हुई स्थापना

**घरघोड़ा।** स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर एक अत्याधुनिक ब्लड स्टोरेज यूनिट का दुर्गा प्रसाद अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा उद्घाटन किया गया।

इस नई सुविधा के शुरू होने से अब क्षेत्र के मरीजों को आपातकालीन स्थिति में रक्त के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। यह यूनिट चौबीसों घंटे चालू रहेगी, जिससे दुर्घटना या गंभीर सर्जरी के मामलों में तत्काल रक्त उपलब्ध हो सकेगा। यूनिट में रक्त को सुरक्षित रखने के लिए नवीनतम रेफ्रिजरेशन सिस्टम और मॉनिटरिंग उपकरणों का उपयोग किया गया है। इससे न केवल इस अस्पताल, बल्कि आसपास के छोटे स्वास्थ्य केंद्रों और ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को भी समय पर मदद मिल सकेगी। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए संस्थान के प्रमुख डॉ. एसआर पैकरा ने उद्घघाटन के अवसर पर यह कहा स्वास्थ्य सेवाओं में गोल्डन ऑवर आपातकाल का पहला घंटा का बहुत महत्व है। इस ब्लड स्टोरेज यूनिट की स्थापना से हम कीमती जान बचाने में सक्षम होंगे। अस्पताल प्रबंधन द्वारा समय. समय पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जाता है, जिसमे अधिक लोग रक्तदान कर सामाजिक सहभागिता प्रदान कर किसी जरूरतमंद के बहुमुल्य जीवन को बचाने में आपका योगदान हो सके।

online Booking:-www.tripuryatra.com
मनाली टूर
03 दिन
Ex-दिल्ली
6, 13, 20, 27 फरवरी 2026
6, 13, 20, 27 मार्च 2026
होटल, टेंपू ट्रैवलर ,खाना, गाईड
राशि:-मात्र 6000/-(+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त